श्री राम जय राम जय जय राम हम आए शरण तुम्हारी राम

श्री राम जय राम जय जय राम
=========================
{कलयुग केवल नाम अधारा ।
सुमिर सुमिर नर उतर ही पारा ॥}

श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥
हम, आए शरण, तुम्हारी राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ।
हे, भक्तों के, हितकारी राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ।
हे, रघुपति, अव्ध बिहारी राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥

माँ, कौशल्या के, प्यारे राम,
हे, दशरथ राज, दुलारे राम,
करो, पूर्ण काज़, हमारे राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 1 ॥

मेरी, नईया पार, लगा दो राम,
मेरे, सोए भाग, जगा दो राम,
मेरे, दुखड़े दूर, भगा दो राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 2 ॥

मुझे, चरणों की दासी, बना लो राम,
मुझ, दीन को भी, अपना लो राम,
मैं, शरणागत हूँ, सम्भालो राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 3 ॥

यह, दुनियाँ, तेरे सहारे राम,
तूने, लाखों, पार उतारे राम,
तूँ डूबों, को भी, उभारे राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 4 ॥

दशरथ, नंदन, जय श्री राम ।
भव भय, भंजन, जय श्री राम ।
रघुपति, राघव, जय श्री राम ।
परधुन, दायक, जय श्री राम ।
श्याम, सरीरा, जय श्री राम ।
हरते, तीरा, जय श्री राम ।
जन, मनोरंजन, जय श्री राम ।
असुर, निकन्दन, जय श्री राम ।
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 5 ॥

शबरी ने, वाट, निहारी राम,
हर रोज़, ही राह, बुहारी राम,
पाई, उसने दया, तिहारी राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 6 ॥

भक्तों का, मान, बढ़ाया राम,
दुःखियों का, कष्ट, मिटाया राम,
निर्बल को, गले, लगाया राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 7 ॥

प्रेम का, नाता, भाए राम,
निर छल, नर ही, तुम्हें पाए राम,
तुम्हें, अभिमान न, सुहाए राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 8 ॥

शिव जी गाए, ब्रह्मा ध्याये,
रटे सरस्वती, जपे बृहस्पति,
ले खडताल, अंजनी का लाल,
हे झूम के गाए, सुध बिसराए,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 9 ॥

मेरे, अभिमान को, मिटा दो राम,
माया, का पर्दा, हटा दो राम,
मेरे, मोह के फंद, कटा दो राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 10 ॥

सुग्रीव, को कण्ठ, लगाया राम,
केवट, को भी, अपनाया राम,
फिर, मुझको क्यों, बिसराया राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 11 ॥

पत्थर की, अहल्ल्या, तारी राम,
राक्षसी, ताड़का, मारी राम,
तेरी, पग महिमा है, भारी राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 12 ॥

हाथ उठाओ, शरण लगाओ,
दीन दयाकर, हे करुणाकर,
दिल में तुम्हारी, छवि है प्यारी,
होंठो पे मेरे, गीत हो तेरे,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 13 ॥

तुम, अव्ध में हो, रघुराई राम,
गोकुल मे, श्याम, कन्हाई राम,

हर, रूप में दीन, सहाई राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 14 ॥

कभी, हाथ में धनुष, उठाते राम,
कभी, मुरली मधुर, बजाते राम,
हर रूप में, मन को, लुभाते राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 15 ॥

प्रह्लाद, ने तुम्हें, पुकारा राम,
तुम, लोह का खम्भ, बिदारा राम,
निज, भक्तों को दिया, सहारा राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 16 ॥

अंजनी लाला, रटते माला,
सुबहो शाम, आठों जाम,
दीन दिवाकर, ह्रदय लगाकर,
सब मिल गाए, अति सुख पाए,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 17 ॥

मेरे तुम्हीं, पिता मैं हूँ, तारी राम,
तुम दाता, और मैं, भिखारी राम,
तुम्हीं, मेरे गुरु, खरारी राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 18 ॥

अंजनी, लाला के, स्वामी राम,
सर्वज्ञय हो, अन्तर्यामी राम,
हम, दीन हीन, खल्कामी राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 19 ॥

तेरा नाम है, जिसके, दिल पर राम,
जल पर, तैरे वोह, पत्थर राम,
तेरा नाम, महान, हे रघुवर राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 20 ॥

हे रघुराई, करो सहाई,
नाथ खरारी, तुम सुखकारी,
प्रेम का नाता, तुमको भाता,
घट घट वासी, हे सुख राशि,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 21 ॥

श्री राम, नाम के, बल पर राम,
पत्थर, तैरे थे, जल पर राम,
सीता जी, बैठी, आनल पर राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 22 ॥

धन्ना ने, तुम्हें, बुलाया राम,
सूखी, रोटी का भोग, लगाया राम,
तूने, रुच रुच प्रेम, सिखाया राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 23 ॥

शबरी की, कुटिया, आए राम,
और, जूठे बेर भी, खाए राम ,
तूने, सब भेद, मिटाए राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 24 ॥

नर तन धरी, अवध बिहारी,
हे मस्तक चंदन, हे जग वंदन,
राज विलोचन, संकट मोचन,
त्रिभुवन स्वामी, अन्तर्यामी,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 25 ॥

हनुमत ने, तुमको, ध्याया राम,
पद, भक्त राज का, पाया राम,
श्री, रामदूत, कहलाया राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 26 ॥

अंजनी, लाला ने, गाया राम,
लंका, में डंका, बजाया राम,
रावण का, मान, घटाया राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 27 ॥

योगी, के नाथ, नियंता राम,
खड़दूषन, रावण, हन्ता राम,
तुम्हें, भजते सदा, हनुमंता राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 28 ॥

हे प्रभु मेरे, तुम को टेरे,
दास बना लो, अरे शरण लगा लो,
मुख न मोड़ो, दिल न तोड़ो,
देर न कीजै, अरे दर्शन दीजै,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 29 ॥

जिस, पर है दया, तुम्हारी राम,
उसको, न कोई, लाचारी राम,
हे जगत के, पालन, हारी राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 30 ॥

सब के, काज़, सँवारे राम,
लाखों को, पार, उतारे राम,

हे जगत के, पालन, हारे राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 31 ॥

कण कण में तूँ ही समाया राम,
तेरा पार कोई न पाया राम,
तेरी अज़ब निराली माया राम,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 32 ॥

भक्त पुकारे, साँझ सकारे,
सुना है हमने, अरे सदा है तुम में,
भक्त उभारे, कष्ट निबारे,
प्रभु निहारो, पार उतारो,
श्री राम, जय राम, जय जय राम ॥ 33 ॥

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33278/title/shri-Ram-jai-Ram-jai-jai-Ram-ham-aaye-sharan-tumhari-Ram

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |